दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

यू ट्यूब से सीखा नकली नोट बनाना नकली नोट से सामान लेते पकड़ाया युवक

Champa News - 50 के 63 और 500 के चार नकली नोट, कलर प्रिंटर जब्त भास्कर संवाददाता | जांजगीर नकली नोट बनाने की विधि युवक ने यू ट्यूब...

Nov 30, 2019, 08:05 AM IST

50 के 63 और 500 के चार नकली नोट, कलर प्रिंटर जब्त

भास्कर संवाददाता | जांजगीर

नकली नोट बनाने की विधि युवक ने यू ट्यूब से सीखी और छोटे छोटे नोट बनाकर दुकानों में खपाने लगा। शुक्रवार को खोखसा फाटक के पास दुकान में पचास रुपए नोट चलाने की कोशिश में युवक पकड़ा गया। युवक के पास से पुलिस ने कलर प्रिंटर 50 के 63 नकली नाेट तथा 500 के चार नोट बरामद किए हैं।

नैला चौकी प्रभारी एसआई केपी टंडन ने बताया कि बलौदा थाना क्षेत्र का युवक विष्णुदास वैष्णव 25 वर्ष शुक्रवार को चांपा रोड में ओवरब्रिज के पास के आनंदराम चंदेल की दुकान में कुछ सामान लेने गया था। उसने चॉकलेट ली और बदले में 50 रुपए दिए।

पचास का नोट छूने पर दुकानदार को नकली होने की आशंका हुई। उसका विष्णुदास से इसे लेकर विवाद भी हुआ। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। दुकानदार ने नकली नोट होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को पकड़कर पूछताछ की। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक के पास से 5150 नकली नोट बरामद किया है।

पूछताछ में बताया कैसे सिखा और कहां चलाता था

एसआई केपी टंडन के अनुसार पूछताछ में युवक ने बताया है कि उसने नकली नोट बनाना यू ट्यूब से सिखा है। उसने पुलिस को बताया है कि करीब दो माह पहले ही उसने नकली नोट बनाना सीखा था। वह छोटे- छोटे नोट ही बनाता था ताकि आसानी से खपा सके।

पुलिस कर रही कार्रवाई

नकली नोट चलाने वालों पर जिला पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग अवैध कारोबार को करने से नहीं चुक रहे हैं। इससे पहले भी ऐसे में सामने आ चुके हैं।

Source:
https://www.bhaskar.com/chhattisgarh/champa/news/chhattisgarh-news-making-a-fake-note-learned-from-youtube-080518-6060979.html